तापमान

अधिकतम 34.7 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026



विवेकानंद उद्यान में झूले का आनंद लेते बच्चे।



## खबर संक्षेप

### दयालबंद पानी टंकी की सफाई आज

**बिलासपुर**। टिकरापारा दयालबंद स्कूल स्थित पानी टंकी की सफाई 13 जुलाई सोमवार को की जाएगी। इसके कारण इस पानी टंकी की सप्लाई एरिया टिकरापारा, दयालबंद मेन रोड़, मन्नू चौक, शिवजी मार्ग, यादव मोहल्ला, आदर्श कॉलोनी, ऋषि कॉलोनी, संगीत महाविद्यालय गली एवं संबंधित क्षेत्रों में शाम को पानी सप्लाई नहीं होगी। निगम के मुताबिक आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

### हाईकोर्ट में 58 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने वर्ष 2026 के लिए अपनी आधिकारिक भर्ती अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें न्यूनतम 8 वीं पास से लेकर 12वीं और आईटीआई युवाओं के लिए मौका है।जारी विज्ञापन के मुताबिक कार ड्राइवर, लिफ्ट मैन, आकस्मिकता निधि कर्मचारी के पदों पर भर्ती होगी। इसमें कुल 58 पद है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक है।

### दूसरे की जमीन को बेचकर 20 लाख रूपए की ठगी

**बिलासपुर**। अपना बताकर दूसरे की जमीन को बेचकर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए की ठगी करने वाले पति पत्नी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार मोपका निवासी युवक किशोर साहू को राजकिशोरनगर निवासी बीना पटेल उसके पति क्षत्रपाल पटेल ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर उन्हें बेचने के लिए जमीन दिखाई। जमीन पसंद आने पर उनके बीच 20 लाख 9 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। श्री साहू ने दोनों को पैसा देकर जमीन की रजिस्ट्री करा ली। उसके बाद वह जमीन में कब्जा करने गए तो जमीन मालिक ने आपत्ती की। उन्हें पता चला की पति पत्नी ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेच दिया है। उन्होंने पति पत्नी से संपर्क किया तो पैसा लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एक ही दिन में बढ़ा 3 डिग्री तापमान, उमस से बैचेनी

**बिलासपुर**। बारिश थमने के साथ ही उसम भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। रविवार को तापमान में अचानक ही 3 डिग्री की बढ़त देखी गई। जिसके चलते अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री पर जा पहुंचा। इस दौरान दिन भर उमस और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया, मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों के भीतर बारिश होने की संभावना है लेकिन तब तक मौसम में उमस और गर्मी बनी रहेगी। प्रदेश में मानसूनी हवाओं पर ब्रेक लगा हुआ है, बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं कमजोर पड़ चुकी है।

# 19 करोड़ के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण में सुस्ती, काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में 75 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की प्रक्रिया काफी सुस्त गति से चल रही है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण शुरू कराए 1 साल का समय बीतने को है, लेकिन अबतक यह फाउंडेशन लेवल पर ही अटका है। वहीं बारिश होने के कारण अब काम भी बंद है। ऐसे में समय पर काम पूरा नहीं होने की आशंका बनी हुई है।

75 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण में काफी लापरवाही बरती जा रही है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण के लिए ठेका दिया गया है, जिसमें निर्माण कार्य 24 माह में

### फाउंडेशन लेवल ही अपूर्ण, कैसे होगा समय पर काम



पूरा किया जाना है, लेकिन पहले 6 माह में बिजली पोल और माड्यूलर अस्पताल को हटाने में लगा दिया गया, वहीं जनवरी माह में निर्माण कार्य शुरू किया गया, लेकिन अबतक फाउंडेशन लेवल तक ही प्लिंथ और पिलर बनाए गए हैं। ऐसे में काम की सुस्त गति के कारण समय अवधि पर पूर्ण नहीं होने के संकेत दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि सीजीएमएससी द्वारा 75 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए करीब 19 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। इसका ठेका मेसर्स कनवल जैन को दिया गया है। जी प्लस 4 का भवन में करीब 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें मरीजों के लिए 75 बेड की सुविधा होगी। ठेका तिथि से 24 माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य विभाग ने रखा है लेकिन इसमें भी साल भर का समय बीत चुका है।

### बिजली पोल व कंटेनर हटाने में लगे थे 3 माह

जिस जगह पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां पहले से ही माड्यूलर पोर्टेबल हास्पिटल बनाया गया था, इस जगह को हटाने के लिए सीजीएमएससी को खासी मशक्कत करनी पड़ी है। वहीं पोल और कंटेनर को हटाने में 3 माह का समय लग चुका है। इसके बाद शुरू किए गए निर्माण में मॉनिटरिंग की कमी के कारण सुस्त गति से काम चल रहा है।

### काम जारी रखा जा सकता है

काम बंद होने की जानकारी नहीं है। बारिश हुई थी, इसलिए काम रोक दिया गया होगा, लेकिन फाउंडेशन हो चुका है, आगे का काम जारी रखा जा सकता है। दिक्कत नहीं है।

- **राजेन्द्र प्रसाद**, ईई, सीजीएमएससी


## वेयर हाउस रोड पर हुआ हादसा, कोचिंग क्लास जा रहे छात्र की हो गई मौत

# कोचिंग जा रहे स्कूटी सवार छात्र को रांग साइड जाकर नाबालिग कार चालक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### चालक नाबालिग पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज, कार व स्कूटी दोनो क्षतिग्रस्त

रविवार की सुबह स्कूटी से कोचिंग जा रहे छात्र को वेयर हाउस रोड में सामने से तेज रफ्तार से आ रहे नाबालिग कार चालक ने रांग साइड में जाकर टक्कर मार दी। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, साथ ही कार व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर कार नाबालिग कार चालक दोस्तों के साथ गाड़ी छोड़कर भाग गया। डायल 112 से घायल छात्र को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक नाबालिग के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है, कार मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, मूलतः गौरेला पेंड्रा निवासी मुकेश कुमार शर्मा पिता स्व. ऋषि प्रसाद शर्मा 52 साल जांजगीर जिले में आबकारी विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वे अपने परिवार के साथ मंगला अभिषेक विहार में किराए के मकान में रहते हैं। श्री शर्मा शासकीय छुट्टी होने पर मंगला अपने घर आए हुए थे। 12 जुलाई की सुबह 7.30 बजे उनका बेटा रूद्र प्रताप शर्मा 19 साल अपनी



घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त कार व स्कूटी व इनसेट में मृतक छात्र।


स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएच, 7752 से नेहरू चौक की ओर से कोचिंग क्लास जा रहे थे। वेयर हाउस रोड संजीवनी हास्पिटल मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार में खतरनाक ढंग से चलाते हुए आ रहे किया कार क्रमांक एमपी 18 एस, 0114 के नाबालिग चालक ने रांग साइड जाकर स्कूटी सवार छात्र को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में छात्र के दोनों पैर, सिर, सीना, हाथ में गंभीर चोट आई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल अपोलो हास्पिटल रिफर कर दिया गया। परिजन छात्र को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद छात्र का शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर नाबालिग कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है, जबकि कार मालिक के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नियमानुसार नाबालिग को कार देने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### दो भाईयों में छोटा था मृतक

मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई भुवनेश्वर में पढ़ाई कर रहा है। सड़क हादसे में लाडले बेटे की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया है। दुघर्टना की खबर मिलते ही गौरेला पेंड्रा से परिजन उनके घर पहुंच गए थे।

### कार छोड़कर भागे नाबालिग

कार में नाबालिग चालक के दो तीन दोस्त भी सवार थे, जो मस्ती कर रहे थे। चालक ने काफी तेज गति से खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाते हुए छात्र को टक्कर मारी, हादसा इतना भयानक था कि कार के सामने का चक्का बर्स्ट हो गया और सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। छात्र के दोनों पैर जांघ के पास से टूट गए थे और सिर फट गया था। सड़क पर खून की धार बहने लगी थी। हादसे के बाद नाबालिग चालक दोस्तों के साथ गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने नाबालिग की पहचान कर ली है।



### कार से बस को भी मारी टक्कर

कार चालक नाबालिग ने स्कूटी सवार छात्र को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सामने से आ रही अन्य बस को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में बस के सामने के हिस्से का कांच टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है।

### दोस्त से मांगकर गाड़ी चला रहा था नाबालिग

टीआई किशोर केंवट ने बताया, नाबालिग अपने घर से स्विफ्ट डिजायर लेकर निकला था। श्रीकांत वर्मा कुंदन पैलेस के पास अपनी कार खड़ी कर दोस्तों के साथ जागिंग की, उसके बाद वह अपने दोस्त की किया कार से घूमने निकला था। नाबालिग अपने दोस्त की कार को चला रहा था। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वेयर हाउस रोड पर है ब्लैक स्पाट

वेयर हाउस रोड पर पुराने संजीवनी हास्पिटल के पास एक मोड़ है और इसके आगे ढलान है, मुंगेली नाका की ओर से आने वाले वाहन चालकों को यहां रायपुर रोड से टर्न होकर जाने वाले वाहन एकाएक दिखाई नहीं देते, मुंगेली नाका की ओर से जो वाहन धीमी गति से आते हैं, उन्हें ढलान की ओर से जा रहे वाहन दिख जाते हैं, लेकिन गति तेज होने पर मोड़ पर गाड़ी आसानी से नियंत्रित नहीं होती। यह स्थान एक तरह से ब्लैक स्पाट है। इस मोड़ पर अक्सर छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। यातायात पुलिस ने इस स्थान की कोई पहचान नहीं की है, साथ ही मुंगेली नाका की ओर से आने वाले वाहनों की गति कम हो, इसके कोई उपाय भी नहीं किए गए हैं।



खूंटाघाट रतनपुर घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतक।

## बांध में मछली मारने को लेकर चल रहा था विवाद

# लाठी से पीटकर चौकीदार की हत्या, संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मछली मारने के विवाद में दो बार थाने में समझौता करने के बाद आरोपियों ने चौकीदार को स्कार्पियो से टक्कर मारने के बाद लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या कर दी गई। वहीं उसका साथी मौके से भागकर जान बचाई है। पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

■ मछली मारते वीडियो बनाने पर चौकीदार का मोबाइल तोड़ा गया था

रतनपुर मेलनाडीह निवासी श्याम सिंह पोर्ते पिता बहोरिक सिंह पोर्ते 40 साल ने बताया, वह व तिरिथ राम यादव खूंटाघाट में मछली ठेकेदार के लिए रात में चौकीदारी करता है। 11 जुलाई की रात 9 बजे दोनों खाना खाने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ, 7425 से काम पर गांव से खूंटाघाट बांध नवागांव कैम्प जा रहे थे। नवागांव मउहा डबरी तालाब के पास पहले से घात लगाकर खड़े गोलू धीवर, अनिश धीवर अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तिरिथ राम यादव तालाब के पार गड्ढे में जाकर गिर गया और वह बाइक सहित मौके पर गिर गया। गोलू धीवर ने उस पर लाठी से तीन बार हमला किया। जिससे वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर दौड़ते हुए भागकर गांव चला गया। उधर हमलावरों ने तिरिथराम यादव की लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या कर दी। रात में श्याम सिंह पोर्ते साथियों के साथ रतनपुर थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। उसके बाद थाने से लौटकर घर चला गया और उसके दोस्त तिरिथराम को खोजने मौके पर गए, लेकिन वह रात में नहीं मिला। 12 जुलाई की सुबह फिर से उसके दोस्त खोजने मौके पर गए तो तालाब के नीचे गड्ढे में तिरिथ राम यादव की खून से लथपथ लाश मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोस्तों से पूछताछ करने के बाद पुलिस गोलू धीवर सहित अन्य संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। पुलिस ने श्याम सिंह पोर्त की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 1, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### एक सप्ताह से चल रहा था विवाद

सूत्रों के अनुसार एक सप्ताह पहले मृतक तिरिथराम यादव ने डेम से मछली मारते हुए गोलू धीवर का मोबाइल में वीडियो बनाकर उसे पकड़ लिया था। इस पर गोलू धीवर ने उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीनकर तोड़ दिया था। तिरिथराम यादव अन्य चौकीदारों के साथ उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाने थाने गया। जानकारी होने पर गोलू धीवर अपने साथियों के साथ थाने गया और समझौता कर लिया। तीन दिन पहले तिरिथराम यादव मोबाइल का पैसा मांगने उसके घर गया तो गोलू धीवर पैसा देने से इनकार कर उसके साथ मारपीट करते हुए भगा दिया। उस दिन भी तिरथराम यादव रिपोर्ट लिखाने थाने गया। जानकारी होने पर गोलू धीवर अपनी पत्नी सहित साथियों को लेकर थाने आ गया। उसकी पत्नी तिरिथराम पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगी। बाद में दोनों पक्ष थाने में समझौता होने के बाद लौट गए। उसके बाद 11 जुलाई की रात योजना बनाकर गोलू धीवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर चौकीदार तिरिथराम यादव की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, तीन दिन पहले दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। एक सप्ताह से दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी

मछली मारने को लेकर मृतक का संदेहियों से विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने आए थे। दोनों पक्षों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। 11 जुलाई को ड्यूटी जाने के दौरान स्कार्पियों से टक्कर मारकर चौकीदार की लाठी से पीटकर हत्या कर दी गई है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- **निलेश पाण्डेय**, रतनपुर टीआई


## कोर्ट ने आयोग की सिफारिशों और आदेश को रद्द कर दिया है

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सलाहकार और सिफारिश करने वाली संस्था, रिकवरी का अधिकार नहीं- हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सलाहकार और सिफारिश करने वाली संस्था है। उसे कमर्शियल विवाद में पैसे की रिकवरी का आदेश देने का अधिकार नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 के तहत आयोग की सलाह आमतौर पर राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हो सकती है, लेकिन वह रिकवरी का आदेश जारी करके किसी सक्षम अधिकारी की शक्तियों का



इस्तेमाल नहीं कर सकती।

जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 23 सितंबर 2022 को जारी कम्युनिकेशन को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता कमला मोटर्स ने 21 लाख रुपये में एक हार्वेस्टर बेचने का सौदा किया, जिसके लिए 30,000 रुपए का एडवांस दिया गया। चूंकि तय समय के भीतर बैंक फाइनेंस का इंतजाम नहीं हो सका और कोविड-19 महामारी के कारण डिलीवरी में भी देरी हुई, इसलिए यह सौदा पूरा नहीं हो सका। हालांकि फाइनेंस मिलने के बाद गाड़ी डिलीवरी के लिए उपलब्ध करा दी गई, लेकिन उसने सौदा रद्द कर दिया। सौदा रद्द के बाद आयोग सहित कई अधिकारियों के पास शिकायतें दर्ज कराई। आयोग ने कलेक्टर को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता से 1,26,500 रुपए वसूले और यह रकम शिकायतकर्ता को दें।

### सलाहकार व सिफारिश करने वाला स्वभाव

याचिकाकर्ता कमला मोटर्स का तर्क था कि आयोग को पैसे की रिकवरी का आदेश जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। अधिनियम, 1995 के तहत उसकी शक्तियां केवल सिफारिश करने तक सीमित हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995' की धारा 9 का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा, आयोग के काम मुख्य रूप से सलाहकार और सिफारिश करने वाले स्वभाव के हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच या पूछताछ के मकसद से सिविल कोर्ट की कुछ शक्तियां दिए जाने से आयोग सिविल कोर्ट नहीं बन जाता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, आयोग के सामने आया विवाद हार्वेस्टर मशीन की बिक्री से जुड़े कमर्शियल सौदे से पैदा हुआ। कोर्ट ने आयोग की सिफारिशों और आदेश को रद्द कर दिया है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शहीद विनोद चौबे को कांग्रेसजनों ने किया नमन, पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।**। शहीद विनोद चौबे के शहादत दिवस पर पूर्व विधायक शैलेश पांडेय पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज़ावेद मेमन द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने शहीद विनोद चौबे को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि शहीद विनोद चौबे ने नक्सलियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण की न्योछावर करते हुए बिलासपुर का नाम अमर कर दिया। बिलासपुर की धरती पर पले बढ़े और वीरगति को प्राप्त हो कर युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बने।
कार्यक्रम में रामा शंकर बघेल, अयाज खान, वकार खान, भोला ईरानी, रवि गेडाम, राहुल रजक, सन्नी यादव, कुशल वाहने, कैफ मेमन, नदिम खान आदि उपस्थित रहे। सभी ने शहीद विनोद चौबे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### जया को मिली मानध उपाधि

**बिलासपुर।** रामावेली निवासी एवं पूर्व में बिलासपुर में पदस्थ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी



कमांडर हरिश्चंद्र तिवारी (सेनि) की सुपुत्री सुश्री जया तिवारी को दिल्ली एनसीआर की प्रसिद्ध क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से बैचलर आफ आर्ट एंड बैचलर आफ लॉ 5 वर्षीय कोर्स में फर्स्ट क्लास में उत्तीर्ण करने पर मानध उपाधि से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह यूनिवर्सिटी के सभागार में 11 जुलाई को आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उनके माता पिता तथा परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए। जया बचपन से ही पढ़ाई में हमेशा आगे रहती थी।

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी के केशव बने संयोजक

**बिलासपुर ।** प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत साहू ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी



का विस्तार किया। इसमें साहू संघ युवा प्रकोष्ठ बिलासपुर संभाग संयोजक केशव साहू को नियुक्त किया गया है । तिलक राम साहू अध्यक्ष बिलासपुर इकाई की अनुशंसा पर केशव साहू की नियुक्ति की गई है। केशव को संभागीय संयोजक के दायित्व से समाज में एक नई दिशा एवं युवाओं को सकारात्मक क्षेत्र में जोड़ने की पहल प्रारंभ होगी

### 36 स्कूली बस अनफिट, 10 बसों का कटा ऑन स्पाट चालान

**बिलासपुर।** स्कूली शैक्षणिक सत्र के शुरू होते ही परिवहन विभाग एक्टिव हो चुका है। इस दौरान रविवार को जिले के 212 स्कूली बसों की जांच की गई। जिसमें चालक-परिचालक के स्वास्थ्य और वाहनों की फिटनेस प्रमुख तौर पर जांची गई। पुलिस ग्राउंड में हुई जांच में यातायात विभाग व परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे, इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी नहीं करनी की चेतावनी भी दी गई।
शैक्षणिक संस्था में संचालित समस्त स्कूल बसों की मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच परिवहन व यातायात विभाग द्वारा कराई गई। उक्त शिविर में 212 स्कूल बस मैकेनिकल एवं वाहन प्रपत्रों की जांच की गई, जांच में अधिकारियों ने पाया कि 176 स्कूल बसें मापदंण्ड में सही है। वहीं 36 स्कूल बसें अनफिट पाई गई। जिसमें फिटनेस 3, बिना परमिट 7, बिना प्रदुषण प्रमाण पत्र 2, बिना अग्निशमन एवं प्राथमिक उपचार पेटी 4, बिना सीसीटीव्ही 12, वींड ग्लास टुटा हुआ पाया गया 4, बिना लायसेंस 2, बिना वीएलटीडी 2 एवं बिना ड्रायवर यूनिफार्म के कमियां पायी गई। इस दौरान 10 स्कूल बसों में ई चालन के माध्यम से 39 हजार 900 शमन शुल्क लगाया गया और अनफिट बसों को 3 दिनों के अंदर दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान परिवहन निरीक्षक पारूल ठाकुर, एएसआई निशिकांत दुबे, पंकज खुटे, जयशंकर राजवाड़े, विकास सिंह ठाकुर संतनदेव जोगी, करण सोनी, वेदराम साहू, पुलिस विभाग के एएसआई विरेन्द्र नेताम,ओंकार सिंह सिद्धू ,धनश्याम राठोर,गौतम खुसरो उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, सम्बलपुरी कन्हैयाधाम कालोनी निवासी निखिल साहू पिता राधेश्याम साहू 19 साल ने घर के पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### रिटायर्ड कर्मी से 1 लाख की आनलाइन ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रिटायर्ड कर्मी से ऑनलाइन कपड़ा बेचने का झांसा देकर मोबाइल हैककर 1 लाख 9 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई स्वास्तिक सिटी निवासी रिटायर्डकर्मी शशिकांत चौधरी की पत्नी ने मोसो एप से आनलाइन कपड़ा आर्डर की और पैसा कट गया। आर्डर नहीं आने पर उसने एप में दिए गए नम्बर पर संपर्क किया तो उन्हें पैसा वापस करने के लिए लिंक भेजकर सर्च करने कहा गया। सर्च करने पर उनका मोबाइल हैक हो गया। उसके बाद उनके बैंक खाते से 1 लाख 9 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

---

**योजना** — अलग-अलग चरण में किए जाएंगे लाइन और आटोसिग्नलिंग सहित अन्य कार्य

# बिलासपुर से रायपुर के बीच चौथी लाइन परियोजना को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर से रायपुर के बीच चौथी लाइन की परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इसमें दाधापारा से बिलासपुर के बीच चौथी लाइन के लिए 60.94 करोड़ रुपए और दगौरी से निपनिया के बीच चौथी लाइन के लिए 173.33 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत अलग-अलग चरणों में लाइन, आटो सिग्नलिंग सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन झारसुगुड़ा के ईब से लेकर महाराष्ट्र के नागपुर तक और मध्यप्रदेश के कटनी मुड़वारा तक है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के प्रदेश में लाइन का विस्तार तेजी से किया जा रहा है, ताकि ट्रेन परिचालन सुचारू रूप से किया जा सके।



वर्तमान में बिलासपुर से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन परियोजना के तहत कटनी से पेण्ड्रारोड के बीच कार्य कम्पलीट किया जा चुका है। इसके अलावा बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन का कार्य करने के कारण ट्रेनों को भी रद्द करते हुए यात्रियों को भी परेशान किया जा रहा है। इस चौथी लाइन को विस्तार करते हुए मुम्बई से हावड़ा ट्रंक रूट पर स्थित रायपुर और बिलासपुर के बीच तीसरी लाइन पर ट्रेनें चल रही हैं। इसके कारण ट्रेन यातायात प्रभावित होता है। चौथी लाइन की परियोजना को आगे बढ़ाते हुए बिलासपुर और रायपुर के बीच दो महत्वपूर्ण खंड दाधापारा से बिलासपुर के बीच 3.48 किलोमीटर और दगौरी से निपनिया स्टेशन के बीच 6.86 किलोमीटर में चौथी लाइन के निर्माण किए जाने रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें दगौरी से निपनिया के बीच चौथी लाइन को 173.33 करोड़ रुपए में और दाधापारा से बिलासपुर के बीच चौथी लाइन 60.94 करोड़ की लागत से शुरु किया जाएगा। दोनों परियोजना में सिविल, विद्युत, ट्रैक्शन, सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य शामिल है। रेलवे के अनुसार इन निर्माण कार्यो के दौरान स्थानीय श्रमिकों, चौथी लाइन के पूर्ण होने पर क्षेत्रीय औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी, जिससे सामाजिक आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

#### गोंदिया से डोंगरगढ़ की लाइन 2223 करोड़ में

अब गोंदिया से डोंगरगढ़ के बीच चौथी लाइन का कार्य भी होगा, जिसे केन्द्र शासन से मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत गोंदिया से डोंगरगढ़ के बीच 84 किलोमीटर चौथी रेल लाइन निर्माण के लिए 2223 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, जो महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्यों से होकर गुजरती है। इसका कार्य आगामी पांच वर्ष में किया जाएगा, जिसमें 15 मेजर एवं 123 माइनर रेलवे पुल, एक टनल, तीन रोड ओवरब्रिज, 22 रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य होगा। इसके अलावा 30.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष अतिरिक्त माल यातायात क्षमता के साथ कार्य होने के उपरांत 4.6 करोड़ लीटर डीजल की बचत भी होगी।

---

छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब देते रहे राज्यसभा सांसद इमरान

# व्हाट्सएप या टेलीग्राम से नहीं, 'सिस्टम' से हो रहे पेपर लीक : प्रतापगढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले दस सालों में देश में छोटे-बड़े 89 पेपर लीक होने के बाद कांग्रेस के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाए गए अभियान 'छात्रों की गूंज' के अंतर्गत शहर पहुंचे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद एवं शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के जवाब दिए। एक छात्र द्वारा सोशल मीडिया के कारण पेपर लीक होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने के पीछे व्हाट्सएप, टेलीग्राम या कोई अन्य सोशल मीडिया जिम्मेंदार नहीं है। पेपर लीक होने पीछे देश का सिस्टम जिम्मेदार है, जिसे बदलने की जरूरत है।

पुराना हाईकोर्ट स्थित हॉटल एम्परर पैराडाईज़ में रविवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के जवाब उन्होंने दिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए नीट पेपरलीक के मामले में अगर देश के शिक्षामंत्री को हटा दिया गया तो ये पूरे देश के लिए एक बड़ा व महत्वपूर्ण संदेश होगा, जिससे भविष्य में पेपर लीक जैसे कोई मामले ही नहीं होंगे। एक छात्रा द्वारा लगातार हो रहे पेपरलीक के मामले रोकने को लेकर विपक्ष की भूमिका एवं आगे की रणनीतियों के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि पहले तो छात्र-छात्राओं के द्वारा अपनी आवाज़ उठाई ही नहीं जाती थी, लेकिन छात्रों की गूंज अभियान चलाने के बाद ही अब वे आगे आने लगे हैं। उनके नेता राहुल गांधी लगातार इन विषयों पर संसद में सवाल उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे।

संवाद कार्यक्रम में उपस्थित एक एलएलएम के छात्र के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एक पोर्टल की स्थापना करने की मांग की गई, जिसमें कॉलेज, यूनिवर्सिटी एवं कोचिंग संस्थानों के बच्चे भी अपनी समस्याओं को रख सकें। इसके जवाब में सांसद प्रतापगढ़ी ने शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर उनका ध्यान आकृष्ट करने की बात कही।

### थर्मामीटर बदलने से बुखार नहीं उतरता सिस्टम में बदलाव जरूरी:इमरान



कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे छात्रों की गूंज नामक अभियान के तहत शहर पहुंचे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नीट का पेपर लीक होने के बाद प्रधानमंत्री ने सेना के माध्यम से पेपर पहुंचवाने की व्यवस्था की, जबकि यह काम सेना का नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि केवल थर्मामीटर बदलते रहने से बुखार नहीं उतरता, इलाज भी करवाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सेना से पेपर पहुंचवाने के बजाए पूरे सिस्टम में बदलाव करना चाहिए ताकि कभी पेपर लीक होने की नौबत ही ना आए।

देश में लगातार हो रहे पेपर लीक के मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा देश भर में चलाए जा रहे छात्रों की गूंज नामक अभियान के अंतर्गत शहर पहुंचे राज्यसभा सांसद प्रतापगढ़ी ने कहा कि नीट पेपर लीक के मामले में जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनके डायरेक्ट कनेक्शन भाजपा व सरकार के लोगों से जुड़े पाए गए, लेकिन केवल छोटी मछलियों को निशाना बनाते हुए पकड़ लिया गया और बड़े मगरमच्छों को छोड़ दिया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा नीट पेपरलीक के मामले में वे देश के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा चाहते हैं, उससे कमतर कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर पेपर पहुंचाने का काम सेना से करवाना पड़ रहा है तो देश के शिक्षा मंत्रालय को समाप्त कर देना चाहिए।

नीट पेपर लीक के मामले के बाद 21 छात्र-छात्राओं ने सुसाइड कर लिया, इसकी जिम्मेंदारी कौन लेगा? राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस अभियान चलाकर देश के शिक्षामंत्री के इस्तीफे व एनटीए को भंग कर पूरी शिक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग करेगी। श्री प्रतापगढ़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले आठ सालों में नौ बार परीक्षा पर चर्चा आयोजित की है, लेकिन पेपरलीक के मामले में आज तक उन्होंने कोई चर्चा नहीं की, बल्कि चुप्पी साधे बैठे हैं।

## किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने देगी सरकार: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्यसभा सांसद द्वारा नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए बेलतरा विधायक ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार किया है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि नीट परीक्षा प्रक्रिया में कुछ विसंगतियाँ सामने आई हैं, लेकिन यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार है, जो किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।



■ इमरान प्रतापगढ़ी के आरोपों पर विधायक सुशांत का पलटवार

उन्होंने कहा कि विषय अत्यंत गंभीर है और इसकी गंभीरता को देखते हुए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संज्ञान में लिया है। केंद्र सरकार इस पूरे मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विधायक शुक्ला ने कहा कि वर्ग विभेद और वर्ग संघर्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने वर्षों तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन वास्तविकता में गरीबी दूर नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नेतृत्वविहीन और दिशाहीन होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। गरीबों को पक्के आवास, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ, महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से राहत तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। इमरान प्रतापगढ़ी के बिलासपुर दौरे पर टिप्पणी करते हुए विधायक शुक्ला ने कहा कि जो लोग सरकार के कार्यों का मूल्यांकन करने की बात कर रहे हैं, उन्हें पहले अपने राजनीतिक आचरण पर आत्ममंथन करना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतापगढ़ी पहले माफिया अतीक अहमद का महिमामंडन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद और हिंसा जैसे मुद्दों पर भी अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। प्रतापगढ़ी बताये हिडमा कौन था जिसने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की एक पीढ़ी को खत्म कर दिया आज एक विधायक हिडमा को अपना आदर्श मानता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर रही है और कांग्रेस नेतृत्व को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले आत्मचिंतन करना चाहिए।

## कलेक्टर व एसएसपी ने छात्राओं को किया जागरूक

**बिलासपुर।** आर्यन फिल्म द्वारा शासकीय कन्या उमावि तखतपुर में छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) राम गोपाल करियारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद तखतपुर की अध्यक्ष डॉ. पूजा मक्कड़ ने की। विशेषज्ञों ने छात्राओं को बताया कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ




स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को सही जानकारी उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और अनुशासन को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। एसएसपी रजनेश सिंह ने छात्राओं को आत्मविश्वासी, सजग एवं निर्भीक बनने की प्रेरणा देते हुए साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। डॉ. पूजा मक्कड़ ने कहा कि स्वस्थ एवं शिक्षित बेटियां ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल की छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पार्षद पूजा बबलू गुप्ता, परमजीत कौर हुरा, बलीराम सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, देवहूती कुंजाम, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, पारुल यादव, अमोद एक्का, अंकित विश्वकर्मा, महेश्वरी सिन्हा आदि मौजूद थे।

### बिलासपुर से दुर्ग तक केंसल रहेगी साउथ बिहार

**बिलासपुर।** चक्रधरपुर मंडल कें कंसबहाल और धारूआडीही सेक्शन में अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो को किया जाएगा, जिसके कारण 3 जुलाई से लेकर 17 नवम्बर तक पांच माह के लिए दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान आरा से दुर्ग के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला में समाप्त करने के बाद रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर से दुर्ग के बीच रद्द रहेगी। जुलाई माह में 16, 23, 30 को, अगस्त माह में 6, 13, 20, 27 को, सितम्बर माह में 3, 10, 17, 24, अक्टूबर माह में 1, 8, 15, 22, 29 को, नवम्बर माह में 5 व 12 को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त करने के बाद राउरकेला से रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर रद्द रहेगी।

## एजुकेशन हब के कैरियर गाइडेंस क्विज में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एजुकेशन हब, मंगला चौक द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, धुरीपारा (मंगला) में कैरियर गाइडेंस सेमिनार एवं कैरियर गाइडेंस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों एवं कैरियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स, साइंस, आर्ट्स, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर के अवसरों की जानकारी दी गई। साथ ही विषय चयन, अध्ययन की सही रणनीति, समय प्रबंधन तथा लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन निखिल, मनीष, काजल, सानू तथा उर्मिला ने की सक्रिय भूमिका रही। संस्था के फाउंडर डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी ने बताया कि इस प्रकार के कैरियर गाइडेंस कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना है, उन्होंने बताया कि आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एजुकेशन हब में प्रवेश पर विशेष छूट मिलेगा। अंत में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने भविष्य में भी ऐसे कैरियर गाइडेंस एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। एजुकेशन हब ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर ऐसे प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

---

डॉ. सीवी रमन विवि में इंडस्ट्री-एकेडेमिया मीट

# आत्म निर्भर भारत के लिए शिक्षा व उद्योग के बीच मजबूत साझेदारी जरूरी : सेठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर में इंडस्ट्री–एकेडेमिया मीट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था ब्रिजिंग द गैप बिटवीन इंडस्ट्री एंड एकेडेमिया थ्रू एआई एंड फ्यूचर स्किल्स। इसका उद्देश्य उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय मजबूत करना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। एवं भविष्य के कौशलों के अनुरूप शिक्षा प्रणाली विकसित करना तथा विद्यार्थियों को रोजगार और उद्यमिता के लिए तैयार करना था।

मुख्य अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) बी.सी. सेठी ने कहा कि शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत साझेदारी ही आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों को लगातार अद्यतन कर रहा : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विश्वविद्यालय समय के साथ होने वाले सकारात्मक बदलावों को तेजी से अपनाते हुए अपने पाठ्यक्रमों को लगातार अद्यतन कर रहा है। उन्होंने एआई आधारित शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालय की पहल तथा एआई कौशल रथ की जानकारी दी। समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने प्रायोगिक शिक्षा, इंटर्नशिप और उद्योगों के साथ नियमित सहभागिता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। एंटलेस प्राइम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. मनीष झा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, उन्हें केवल सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

### विद्यार्थियों को वास्तविक परियोजनाओं से जोड़ना जरूरी : राघवेंद्र

पर्क माइंड के के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक शर्मा ने कहा कि उद्योग ऐसे युवाओं की तलाश में हैं, जिनके पास तकनीकी दक्षता के साथ समस्या समाधान, संचार कौशल, नवाचार और एआई का व्यावहारिक ज्ञान हो। नर्मदा कोल्ड ड्रिंक के प्लांट हेड राघवेंद्र टी.एस. ने विश्वविद्यालय और उद्योगों द्वारा संयुक्त रूप से पाठ्यक्रम तैयार करने तथा विद्यार्थियों को वास्तविक परियोजनाओं से जोड़ने पर बल दिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. राजीव पीटर्स ने विश्वविद्यालय की उद्योगों के साथ साझेदारियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्लेसमेंट गतिविधियों की जानकारी दी।

### क्षतिग्रस्त रेल लाइन सुधारा गया

**बिलासपुर।** चुचुहियापारा रेलवे यार्ड के पास मालगाड़ी के वैगन के बेपटरी होने की वजह से रेल लाइन क्षतिग्रस्त हो गया, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहुंचकर देर रात तक बेपटरी हुए वैगन को पटरी पर लाने का काम करने के बाद दूसरे दिन रेल लाइन का सुधार कार्य कराया। बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेनों के डिरेलमेंट की घटना लगातार हो रही है, जिसके कारण दूसरी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ माह पहले आटो सिग्नलिंग की वजह से लालखदान के पास एक लोकल ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने बिलासपुर आकर जांच की और सिस्टम को कमजोर बताया था। उन्होंने आटो सिग्नलिंग के साथ रेल लाइन की भी जांच की, जिसे सुधारने का भी निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के बावजूद रेल प्रशासन के अफसरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।



एजुकेशन

## एम्स में सीट अलॉटमेंट की प्रक्रिया 16 तक चलेगी,सीईटी का रिजल्ट जारी

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली ने आईएनआई सीईटी सत्र के दूसरे चरण का सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी किया है। दूसरे राउंड की काउंसलिंग में शामिल उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट से अलॉटमेंट स्टेटस देख सकते हैं।



चयनित अभ्यर्थियों को 16 जुलाई तक सीट स्वीकार कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध पीडीएफ के जरिए अपना रोल नंबर खोजकर आवंटित संस्थान और कोर्स की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आईएनआई सीईटी 2 का रिजल्ट जारी हो गया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से सीट आवंटन परिणाम देख सकते हैं। परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। सीट आवंटन देश के विभिन्न इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस में संचालित मेडिकल और सुपर स्पेशियलिटी कोर्सों में प्रवेश के लिए जारी किया गया है। एमडी, एमएस, एमडीएस,डीएम,एमसीएच के दौरान भरे गए विकल्पों और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया गया है। आईएनआई सीईटी रैंक को आधार बनाया गया। उम्मीदवारों द्वारा भरे गए विकल्पों को प्राथमिकता दी गई,सीट उपलब्धता के अनुसार आवंटन किया गया।

# सीजीपीएससी में क्रिकेट पिच की लंबाई, पुलिस स्थापना अधिनियम व पीएम धन-धान्य योजना पर पूछा गया सवाल

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक कैडर और प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के 37 केन्द्रों में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित समय तक ली गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

**बिलासपुर।** परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी,गणित,समान्य ज्ञान व छत्तीसगढ सबंधित कई प्रश्न पूछे गए प्रश्न पत्र में छत्तीसगढ में पुलिस व्यवस्था किस अधीनियम से स्थापित की गई,शांति घाटी बचाओं आंदोलन,क्रिकेट पीच की लंबाई, पीएम धन-धान्य कृषि योजना,डिजिटल सिग्नेचन कौन जारी करत है सहित अन्य प्रश्न पूछे गए।

इन्होंने बताया कि पेपर इस बार अच्छा आया था, गणित के प्रश्न ने इस बार थोड़ा अलग था,बाकि विषय अच्छा आया था। बता दें की अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के आधार पर सत्यापन और जांच प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में परीक्षाथी पहुंचे,अभ्यर्थियों को केवल आधी बांह के साधारण कपड़े पहनकर आने की अनुमति थी। काले, हरे, नीले, नारंगी, भूरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व चेकदार कपड़े पहनने पर प्रतिबंध था। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति थी, जबकि कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना भी प्रतिबंधित रहा। वहीं परीक्षा शुरू होने के पहले आधे घंटे और समाप्ति के अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उत्तर पुस्तिका में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही उपयोग किया गया।







### 1 हजार 310 अभ्यथी रहे अनुपस्थित

डिप्टी कलेक्टर नारायण गबेल ने बताया कि सीजीपीएससी की परीक्षा में 13 हजार 716 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन किया था जिसमें 12 हजार 406 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई, जबकि 1 हजार 310 अभ्यथी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। केन्द्रों के बाहर उनके परिजनों ने भी परीक्षा खत्म होते तक इंतजार किया।

### परीक्षा छूटते ही यातायात रहा बाधित

सीजीपीएससी की परीक्षा एक पाली में ली गई, जिसके लिए जिले में 37 केन्द्र बनाए गए थे। शहर के मुख्य मार्गो में अधिकांश सेंटर थे। दूर-दराज बड़ी संख्या में परीक्षार्थी व उनके अभिभावक आए थे। इसके वजह से सभी सेंटर से गतंव्य की ओर निकले तो ट्रैफिक जाम की स्थिति रही,हालाकि पुलिस विभाग ने कई मार्गो को डायवर्ट कर व्यवस्था की थी जिससे बहुत देर तक जाम नहीं रहा।

आयोजन

## साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी में कवियों ने पढ़ी रचनाएं



**बिलासपुर।** साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी की 274 वीं कड़ी का आयोजन समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के निवास गंगा विष्णु भवन गोंड़पारा में आयोजित की गई। इसमें कवियों ने पावस ऋतु पर अपनी-अपनी रचनाएं पढ़ी। सचिव हरबंश शुक्ला ने गोष्ठी का संचालन करते हुए समिति के उद्देश्य और प्रयासों की जानकारी दी तथा पावस ऋतु, देशकाल, राजनीति की बिगड़ी दिशा पर चर्चा की। अन्य कवियों ने अपनी सरस रचनाएं प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार विजय तिवारी थे। अध्यक्षता कवि दिनेश्वर राव जाधव ने की। सरस रचनाएं प्रस्तुत करने वाले कवियों में मयंक मणि दुबे, सुधाकर बिबे, केवल कृष्ण पाठक, एनके शुक्ला, राकेश खरे, ओमप्रकाश भट्ट, बल्लू दुबे, रवींद्र पांडेय, कैलाश अग्रवाल, अमृतलाल पाठक, अरुण यदु, दिनेश्वर राव जाधव सहित अनेक कवि शामिल रहे।

# नेतृत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित युवा संसद का समापन

जीवन संस्कार सेवा समिति द्वारा एसईसीएल के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 'इंकलाब युवा संसद 2026' का समापन अचीवर्स पब्लिक स्कूल में हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। देशभर से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न समितियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय युवा सम्मेलन का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समापन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और समाजसेवा के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा युवाओं को देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

सम्मेलन में विभिन्न समितियों के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को कुल 1.20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। महाभारत समिति में द्रौपदी टीम, यूनिसेफ समिति में रूस प्रतिनिधिमंडल को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि का पुरस्कार तथा इटली प्रतिनिधिमंडल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आईपीएल समिति में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु विजेता रही।

जीवन संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनीश ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को नेतृत्व, नीति-निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी मंच है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले एसईसीएल, विद्यालय प्रबंधन, निर्णायकों, शिक्षकों और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



लायंस क्लब संगम का शपथ ग्रहण समारोह

## जन्मदिन, सालगिरह पर लगाएं पौधे

लायंस क्लब बिलासपुर संगम का शपथ ग्रहण समारोह बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में एक निजी होटल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने लायंस परिवार से अपने परिवारजनों के जन्मदिन, सालगिरह, बड़े बुजुर्गो की पुण्यतिथि पर एक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

**बिलासपुर।** रीज़न चेयरपर्सन अर्चना तिवारी ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अश्विनी यादव अध्यक्ष, आरती मोदी, कृष्ण मोहन पांडेय उपाध्यक्ष, सचिव नेहल मिश्रा, सह सचिव चंद्रकला पैकरा, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल बंदोपाध्याय, सह कोषाध्यक्ष अन्नपूर्णा ध्रुव, मेम्बरशिप चेयरपर्सन राजेश मिश्रा, सर्विस चेयरपर्सन योगेंद्र बंजारे, डायरेक्टर द्वय सुरेश यादव, सारंग राव हुमने, अशोक मानिकपुरी, गोपाल त्रिपाठी, गोपाल अग्रवाल, एक्जीक्यूटिव मेंबर, विजय बघेल, कुमारी बंदोपाध्याय, अभिलाष बनर्जी, प्रिया बनर्जी, रितेश मोदी, नितिन लाल, स्वाति नागदौने, रश्मि गुप्ता, सुमन वर्मा शामिल रहे।



ताकि पर्यावरण संरक्षण पर कार्य हो सके। उन्होंने शिक्षा पर भी सेवा कार्य करने पर जोर दिया। गेस्ट ऑफ ऑनर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन पुसरी ने क्लब सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा पर अधिक से अधिक योजना बना कर कार्य करने की सलाह दी। पवन मलिक ने स्थाई प्रोजेक्ट्स करने पर जोर दिया। अति विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल सेवा कार्य से अपनी पहचान बनाने की बात कही। स्वागत स्वागत नृत्य परी गुप्ता ने पेश किया। ध्वज वंदना का पठन आरती मोदी ने किया। इस मौके पर सुरेश यादव, नेहल मिश्रा, कुमारी बादोपाध्याय, रितेश मोदी, प्रिया बनर्जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा व प्रिया बैनर्जी एवं आभार प्रदर्शन नेहाल मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम

## शुभ विचारों की ऊर्जा से बदल सकता है समाज का माहौल



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में रविवार को आयोजित रविवारीय विशेष आध्यात्मिक सत्संग में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा कि आज विश्व में बढ़ते तनाव और अशांति के बीच सकारात्मक संकल्प, शुभभावना ही मानव जीवन को नई दिशा दे सकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि स्वयं के विचारों को श्रेष्ठ बनाएं और परमात्मा से शक्ति प्राप्त कर समाज के लिए शुभ संकल्प करें, तो सकारात्मक परिवर्तन स्वतः दिखाई देने लगता है। उन्होंने कहा कि जीवन में भी नकारात्मक संस्कारों और बुरी आदतों को छोड़ना आवश्यक है। आलस्य, क्रोध और नकारात्मक सोच व्यक्ति की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा हैं। इनके स्थान पर आत्मविश्वास, धैर्य, प्रेम, सहयोग और सहनशीलता जैसे दिव्य गुणों को अपनाकर ही सुखी, सफल और संतुलित जीवन का निर्माण किया जा सकता है।

शिविर

## सेजेस लिंगियाडीह एनसीसी प्रथम बैच की प्रशिक्षण कैंप से सकुशल वापसी



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लिंगियाडीह के 23 कैडेट्स ने लकेश्वर सिंह के नेतृत्व में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में पीटी, ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, बाधा दौड़, हथियार संचालन , फील्ड क्राफ्ट, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह गान में विद्यालय के कैडेट्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतिम चरण में रायपुर ग्रुप के डिप्टी कमांडर एस रमेश ने शिविर का निरीक्षण किया एवं कैडेट्स को अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्थन द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आव्हान किया। लकेश्वर सिंह को विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.के. मिश्रा, लीना कौशिक, निहारिका तिवारी,रोली सिंह ठाकुर,धनीराम यादव, विद्यालय के शिक्षकों सहित शाला विकास समिति ने बधाई दी।

कांवड़ कस्टमाइज कराने साजो-सामान की डिमांड

# महाकाल-बाल स्वरूप में शिव और ओम नमः शिवाय प्रिंटेंड टी-शर्ट

सावन शुरू होने से 15 दिन पहले ही शिवभक्तों के लिए थोक बाजार सजकर तैयार है। रिटेलर्स भक्तों के लिए जरूरी सामग्री जुटाने मार्केट में पूछपरख के लिए पहुंचने लगे है, इससे रौनक बढ़ी है।

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस बार महाकाल, बाल स्वरूप में शिव और ओम नमः शिवाय प्रिटेड टी-शर्ट, कुर्तों और गमछों की भरमार है। राजस्थान, दिल्ली, कोलकाता से मंगाए गए शिवभक्तों के साजो-ने सामान जुटाने छोटे व्यापारियों दखल देनी शुरू की है। सावन में कांवड़ खरीदने के लिए भक्तों को सौ रुपए खर्च करने होंगे। कांवड़ को खास लुक देने के लिए भक्त कस्टमाइज भी करा सकेंगे।

व्यापारियों ने बताया कि पॉश कॉलोनियों और सोसायटी में रहने वाले लोग बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होने लगे हैं। इस वजह से महाकाल और ओम नमः शिवाय लिखी टी-शर्ट व हाफ पैंट, कुर्ते की डिमांड ज्यादा है। शिव संकीर्तन प्रिंटेड कुर्ते के लिए लोगों को इस बार 100 से 250 रुपए खर्च करने होंगे।

व्यापारी बताते हैं कि अब नौकरीपेशा लोग ग्रुप बनाकर कांवड़ यात्रा से पहले ऑर्डर बुक कराने के बाद किसी शिवालय के लिए कांवड़ लेकर निकलने से पहले 30 से 50 लोगों के लिए कांवड़ सेट आर्डर किए हैं। इसके अभी तक पांच जगह से आर्डर मिली है।




### कांवड़ का जल छलकने से बचाने ढक्कन

शिव आराधना के लिए शास्त्रों में सावन के महीने को श्रेष्ठ माना गया है। इस बार सावन 30 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसमें पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कराने का संकल्प लेने वाले भक्तों द्वारा विशेष आयोजन किए जाते हैं। कई संस्थाओं एवं समाज से जुड़े लोगों द्वारा सावन में भव्य कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है। इसमें शामिल भक्तों के लिए एक जैसा पहनावा तय होता है। यह पहल लंबी दूरी तक कांवड़ लेकर आने-जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए की जाती है। बल्क में आयोजक कांवड़ियों के लिए टी-शर्ट, कार्यकर्ताओं के लिए कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी विविध रेंज में आर्डर करते हैं।

### कावड़ की बड़ी आस्था

कांवड़िए जिस आस्था केंद्र से जल भरेंगे, वहां से लेकर जहां उन्होंने अभिषेक करने का संकल्प लिया है, वहां तक रास्ते में कांवड़ को जमीन पर नहीं रखा जाता। इस बीच लोटे में लिए गए जल को बचाना आसान नहीं होता। लोगों की आस्था के गंगाजल को सहेजने के लिए बाजार में कलश की लुक वाला ढक्कन लगा लोटा आया है। ढक्कन लगे हुए लोटे को कांवड़ पर रखने से यात्रा के दौरान उसे छलकने से बचाने की चिंता भी दूर होगी। आकर्षक लोटे का चलन अब बड़े आयोजनों ही नहीं, बल्कि युवाओं द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा में भी देखने को मिलने लगा है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसी आज करेंगे एसडीएम कार्यालय का घेराव

**बिल्हा।** अघोषित बिजली कटौती, बढ़े बिजली बिल, बदहाल सड़कें, खाद की समस्या, शुद्ध पेयजल की समस्या को लेकर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के नेतृत्व में 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे बिल्हा के शनिचरी बाजार में धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा के अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने बताया कि इस अवसर पर महेंद्र गंगोत्री अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर, प्रदेश, जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, बूथ निर्वाचित, पूर्व निर्वाचित, जनप्रतिनिधि, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सात सड़कों के लिए 56 करोड़ की राशि मंजूर


**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्रामीण अंचल की सात सड़कों के लिए लोक निर्माण विभाग से 56 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत कार्यों में मुख्य मार्ग करनकापा से परसाकापा तक मार्ग निर्माण कार्य सात किमी1260.35 लाख,ग्राम कुम्हरौली से हरनाचाका मार्ग का निर्माण कार्य 4 कि.मी.952.53 लाख, मुख्य जिला मार्ग मनोहरपुर से हाईस्कूल - फुलवारी खुर्द तक मार्ग निर्माण कार्य 5 किमी 748.87 लाख, डिंडौरी से फुलवारी तक मार्ग निर्माण कार्य 4.5 कि.मी.715.97 लाख, सूरजपुरा से उमरिया मार्ग निर्माण पुल पुलिया सहित 5 कि.मी. 850.94 लाख, औराबांधा केनाल मार्ग 2 कि.मी. 581.21 लाख, मोहनपुर-कुटेलाटोला-पीथमपुर मार्ग निर्माण में पुल पुलिया सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

### उधारी के रुपए वापस मांगने पर युवक से मारपीट

**तखतपुर।** ग्राम चितवार में उधार दिए हुए रूपए वापस मांगने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चितावर निवासी श्रीराम सिंगरौल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 जुलाई को शाम 4 बजे वह रामायण यादव को उधार दिए हुए रुपए की मांग किया तब रामायण ने रूपए वापस नही दूंगा कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### दुष्कर्म का आरोपी 2 महीने बाद गिरफ्तार

**रतनपुर।** महिला संबंधी अपराध के मामले में करीब दो माह से फरार चल रहे आरोपी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर थाना रतनपुर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप है कि आरोपी ने देर रात महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर लगातार उसकी तलाश कर रही थी। 11 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गौतमचंद्र उर्फ पप्पू डोंगरे (39 वर्ष) निवासी खैरा डगनिया, थाना सीपत, अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन एवं कोटा एसडीओपी नुपुर उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## निधन

### निरंजन प्रसाद रजक

**पथरिया।** ग्राम कोकड़ी निवासी निरंजन प्रसाद रजक उम्र (55 वर्ष) का रविवार को हृदयाघात से निधन हो गया।



जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे फागूराम रजक, कुलंदन रजक के छोटे भाई एवं अजय के पिता थे।

## बेलतरा विस में 1 करोड़ 90 लाख के कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

# सर्वांगीण विकास को मिल रही नई गतिः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए ग्राम पंचायत सेंदरी एवं बेलतरा में लगभग 1 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने की, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकुमार कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों तथा अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। बेलतरा विधानसभा में सड़क, नाली, शिक्षा, सामुदायिक भवन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध रहेंगे।




भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल विधायक सुशांत शुक्ला।

उन्होंने वर्षा ऋतु को पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोत्तम अवसर बताते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। इस अवसर पर शंकरदयाल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक, मणीदास मानिकपुरी, लक्ष्मी सिन्हा, भरत कश्यप, अनिल पांडेय, राज कैवर्त, कमला विजय साहू, दिलहरण साहू, सरपंच सुरेश कश्यप, सेंदरी सरपंच राजेश ध्रुव, पेशी राम जायसवाल, अनीश धीवर, सतीश केसर, नीलेश राव, कुशल सोनी, कृष्णा यादव, लक्ष्मी जायसवाल, अंकुर सिंह, लक्ष्मी शास्त्री, नीरज, संजीत पांडेय, दिनेश ठाकुर, सुनील कश्यप, संदीप जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

ग्राम पंचायत सेंदरी के सरपंच राजेश ध्रुव ने लगभग 1 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिलने पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विधायक श्री शुक्ला के सतत प्रयासों एवं विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण सेंदरी ग्राम पंचायत को यह ऐतिहासिक सौगात प्राप्त हुई है। वर्षों से लंबित विकास कार्यों के पूर्ण होने से गांव में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### तेजी से हो रहे विकास कार्य

वहीं ग्राम पंचायत बेलतरा के सरपंच सुरेश कश्यप ने लगभग 1 करोड़ के विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार तथा बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेलतरा विधानसभा अभूतपूर्व विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है। विधायक श्री शुक्ला के निरंतर प्रयासों से सड़क, नाली, शिक्षा, सामुदायिक भवन, डिजिटल सुविधा केंद्र सहित अनेक आधारभूत विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगें पूरी हो रही हैं।

### ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

ग्राम पंचायत बेलतरा में लगभग 1 करोड़ की लागत से सरस्वती शिशु मंदिर के अतिरिक्त कक्ष, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, व्यावसायिक परिसर, विद्यालय लाइब्रेरी कक्ष, उचित मूल्य गोदाम, नाली निर्माण, शाला भवन उन्नयन, सामुदायिक भवन, मंच निर्माण, मुक्तिधाम, आयुर्वेद योगा शेड एवं सांस्कृतिक मंच सहित अनेक जनहितकारी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत सेंदरी में लगभग 91 लाख की लागत से विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली, सीसी सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन, स्वच्छता तथा मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**मल्हार।** रविवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल रेफर किया गया, जहां एक घायल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल हाइवा और उसके चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1 बजे नवोदय विद्यालय के पास सीसीआर कंपनी में संचालित हाइवा क्रमांक सीजी 22 एजी 7796 ने बाइक सीजी 22 एक्स 5695 और सीजी 15 ईएल 4335 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संतोष भैना 30 वर्ष पिता दादूराम भैंना निवासी बूढ़ीखार व धनंजय डहरे 26 वर्ष निवासी मुढ़ीपार बिल्हा तथा शैलू मीरी 45 वर्ष पिता बल्लू मीरी मुढ़ीपार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल तीनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान शैलू मीरी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं संतोष भैंना और धनंजय डहरे का गंभीर हालत में उपचार जारी है। हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के अलग-अलग



बयान सामने आए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पहले दोनों बाइक आपस में टकराईं जिसके बाद पीछे से आ रहे हाइवा की चपेट में आ गए। वहीं कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि हाइवा ने सीधे दोनों बाइक को टक्कर मारी। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया हैं। मल्हार पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घायलों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे की वास्तविक वजह सामने आएगी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवा और उसके चालक को अभिरक्षा में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



## विद्यार्थी दिवस पर क्विज, 340 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा नगर इकाई द्वारा 9 जुलाई को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर क्विज का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में ज्ञान, जागरूकता और बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु आयोजित की गई। प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजस पेंड्रा में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में दोनों विद्यालयों के करीब 340 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें मल्टीपरपज विद्यालय के लगभग 190 तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के 150 विद्यार्थियों ने अपनी सामान्य ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एबीवीपी के पेंड्रा जिला संयोजक श्रेयांश पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर मंत्री आदित्य चतुर्वेदी, सहमंत्री नील नामदेव, कार्यालय मंत्री शिवम राठौर, एसएफडी संयोजक आयुष साहू तथा मल्टीपरपज विद्यालय अध्यक्ष श्रेयांश नामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ता, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

55 लाख के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## निर्माण पूरा होने से पहले ही नवीन थाना भवन की दीवारों पर दरारें

**पथरिया।** नगर के मुंगेली मार्ग स्थित बांधा तालाब के समीप लगभग 55 लाख रुपए की लागत से नवीन थाना भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। भवन के विभिन्न कमरों सहित आरोपियों को रखने के लिए बनाए जा रहे सुरक्षा कक्षों की दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। निर्माणाधीन भवन में शुरुआती दौर में ही सामने आई इन खामियों ने निर्माण एजेंसी द्वारा कराए जा राहें घटिया निर्माण की पोल खोल दी है। जनकारों का कहना है कि नीव में खामी के कारण दरारें आ रही हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि यदि भवन निर्माण पूरा होने से पहले ही दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं तो भविष्य में भवन की मजबूती और सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। थाना भवन जैसे महत्वपूर्ण शासकीय भवन का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ होना चाहिए, क्योंकि यह केवल पुलिस विभाग ही नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

भवन के चारों ओर धंस रही मिट्टी





निर्माणाधीन भवन के आसपास कई स्थानों पर जमीन धंसती हुई दिखाई दे रही है। कुछ हिस्सों में नींव के पास खालीपन (खोखलापन) नजर आने के बाद उसे मिट्टी डालकर ढंक दिए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के शुरुआती चरण में ही ऐसी स्थिति सामने आ रही है तो निर्माण सामग्री एवं तकनीकी गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

### नहीं लगाया गया सूचना बोर्ड

निर्माण कार्य में पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। ऐसे में आम लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही कि भवन की स्वीकृत लागत कितनी है, निर्माण एजेंसी कौन है, कार्य कब प्रारंभ हुआ, इसे कब तक पूरा किया जाना है तथा निर्माण कराने वाला विभाग कौन-सा है। शासकीय निर्माण कार्यों में सूचना बोर्ड लगाया जाना सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, ताकि आम नागरिक भी कार्य से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकें।

### मामला संज्ञान में

मामला संज्ञान में आया है। गुणवत्ता की जांच होगी। निर्माण एजेंसी से जवाब मांगेंगे।

-आर चंद्रा, एसडीएम, पथरिया।

## मोटर पम्प चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** चिल्फी पुलिस ने क्षेत्र में बोर पंप चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20 हजार रुपये मूल्य का सीआरआई कंपनी का सबमर्सिबल मोटर पंप तथा घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है।

पुलिस के अनुसार संजय बघेल पिता हरिचरण बघेल उम्र 27 वर्ष के ग्राम गैलूगांव खार स्थित जमीन पर लगे मोटर पंप को 9 जुलाई की रात चोरी कर ली गई। संजय बघेल जब रात एक बजे खेत की ओर गए तो नहर रोड पर एक बाइक क्रमांक सीजी 28 एस 5687 खड़ी हुई थी, पास में कोई आदमी नहीं दिखा। तब तक वह झोपड़ीनुमा मकान के पास गया तब अचानक 3 आदमी 1 बोर मोटर पम्प रखकर भागते हुए दिखे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया। इस दौरान पुलिस को पता चला कि बाइक भूपेन्द्र दिवाकर पिता पूरन दिवाकर उम्र 24




वर्ष खैराखुर्द चौकी डिण्डौरी थाना चिल्फी इस्तेमाल करता है जिसे तलब कर पूछताछ करने पर ग्राम गैलूगांव में प्रार्थी के बोर का मोटर पम्प को अपने साथी संजय बंजारे पिता पंचू बंजारे उम्र 30 वर्ष बिझौरी थाना पण्डरिया एवं महेंन्द्र अहिरवार पिता दिनेश अहिरवार उम्र 24 वर्ष बिझौरी थाना पण्डरिया के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**तखतपुर।** तलवार लहराने वाले आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 11 जुलाई की रात्रि 11:30 बजे नवापारा जरौंधा मेन रोड़ में एक व्यक्ति धारदार हथियार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर और आरोपी शत कुमार खाण्डे के पास से फरसा जप्त करते हुए उसके खिलाफ आर्म एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झलमला में 15.90 लाख रूपये की लागत राशि से स्वीकृत नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधायक एवं विधानसभा उपसचेतक दिलीप लहरिया ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक ने कहा कि यह भवन केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं होगा, बल्कि ग्रामवासियों की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं सार्वजनिक आयोजनों का नया केंद्र बनेगा। अब ग्रामीणों को विवाह, बैठक, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य आवश्यक आयोजनों के लिए बेहतर और सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा,गांव का विकास ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। श्री लहरिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक विकास की रोशनी पहुँचे, हर परिवार को बेहतर सुविधाएँ मिलें इसी संकल्प के साथ जनहित के कार्य और श्रेत्र में विकास कार्य की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## दिव्यांग युवती से दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**लोरमी।** पुलिस ने मूक बधिर और शारीरिक रूप से दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को घटना के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमलडीही निवासी दीपक पटेल 26 वर्ष ने 9 जुलाई की सुबह करीब 8.30 बजे पीड़िता को अकेली पाकर जबरदस्ती बलत्कार किया था। पीडिता के मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना दौरान पीड़ति का विशेष शिक्षिका के माध्यम से द्विभाषिया कथन कराया गया है तथा पीड़ति का स्वास्थ्य परीक्षण कर घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर पता तलाश दौरान आरोपी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ के दौरान जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी दीपक पटेल पिता राजाराम पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर 11 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।




**आम सूचना/नोटिस**

क्रमांक: आ.सू.प्र.01/26
दिनांक : 11.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि तहसील बिलासपुर प.ह.नं. 0035 रा.नि.मं. सरकण्डा, ग्राम मंगला में उस्लापुर स्टेशन के पास गिरिधर विहार कालोनी में स्थित भूमि ख.नं. 1695/2, लगभग रकबा 5250 वर्गफिट भूमि है। जिस भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा मेरे साथ किया जा चुका है जिसकी निकटतम भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है।

अतः उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो कोई भी उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो को यदि कोई आपत्ति है तो वह मय दस्वावेज के साथ, सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के समाप्त होने के पश्चात की गई अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा उक्त भूमि का पंजीयन कराने हेतु मैं और मेरा पक्षकार स्वतंत्र रहेगे।

सो सूचना जाने।

भवदीय
अंचल खरया (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मोबा. 8818886560, 7999428399

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
पक्षकार : मनोज कुमार भण्डारी पिता रतनप्रकाश भण्डारी.... आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन.... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार भण्डारी पिता रतनप्रकाश भण्डारी निवासी चांटापारा बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला घसियापारा शीट नं. 03 प्लाट नं. 158 रकबा 5285 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख मे श्रीमती कौशिल्या रानी भंडारी व अन्य 03 के नाम पर दर्ज है। कौशिल्या रानी भंडारी की दिनांक 24.02.2010 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदक उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.भू.रा.सं. 1959 वास्ते आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 27/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 8/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक / / सीमांकन/रा.नि./2026
दिनांक.....

आवेदक :- कृष्ण कुमार राजपूत आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1.देवांगन 2. बघेल 3.मनहरण 4. अन्य सर्व संबंधित
विषय :- सीमांकन/ जांच में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना0तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र...../ तह./ना.तह. /वा./2026 बिलासपुर दिनांक 27/5/26

ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 35/11 रकबा 0.0360 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका कृष्ण कुमार राजपूत पि./प. परशु राम राजपूत निवासी जिला-बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहसीलदार / अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन / जाँच दिनांक 15/07/26 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।


टीप:-अपरिहार्य कारणों से सीमांकन / जाँच तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक - सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

## समाज को नशामुक्त बनाने लिया संकल्प



**मस्तूरी।** प्रभु अनुराग भवन कोटमीसुनार स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र के अंतर्गत विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सामाजिक संस्थानों में निरंतर चल रहा जनजागरण 10 करोड़ नशामुक्ति महाप्रतिज्ञा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सामाजिक संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला साकर में प्राचार्य आनंद स्वरूप सिंह तथा अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साकर में महेंद्र कुमार सत्यम के सहयोग से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त भारत की महाप्रतिज्ञा दिलाई गई। इसी क्रम में बजरंग चौक, साकर में सरपंच श्रीमती रजनी पटेल, ग्राम सोनादूला में सरपंच हेवस रामटांगे, तथा ग्राम फरहदा में सरपंच सोहन विश्वकर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए महाप्रतिज्ञा दिलाई गई। गुरुकुल डिफेंस एकेडमी, मधुआ में प्रदीप यादव के सहयोग से युवा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, सकारात्मक जीवनशैली, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से तनावमुक्त एवं व्यसनमुक्त जीवन का संदेश भी दिया गया।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं



DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### तरकीडीह स्कूल में बाल केबिनेट का निर्वाचन



**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तरकीडीह में शासन के मंशानुरूप शाला संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप संपादन के लिए शाला में बाल केबिनेट का निर्वाचन किया गया। शपथ ग्रहण के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक सतीराम सिंगरौल, संकुल समन्वयक मोहन कश्यप, शिक्षक लता सिंह, शिक्षक मधुरिमा सिंगरौल उपस्थित रही। उक्त जानकारी तरकीडीह संकुल समन्वयक मोहन कश्यप ने दी।

### सकरी स्कूल में बच्चों को बांटी गई शिक्षण सामग्री



**सकरी।** सामाजिक सरोकार का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अधिवक्ता राकेश चौबे एवं उनकी शिक्षिका पत्नी अल्का चौबे ने अपनी पुत्री परी चौबे के साथ शासकीय प्राथमिक शाला सकरी पहुंचकर छात्र-छात्राओं को कॉपी, पुस्तक एवं पेन वितरित किए और बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश चौबे ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। यदि हमारे जीवन के विशेष अवसर किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने सुखद अवसरों पर सेवा का भाव अवश्य अपनाना चाहिए।

### धरमलाल से मिले रजक समाज के प्रतिनिधि



**बोदरी।** रजक समाज के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पार्षद निवास में आयोजित एक स्नेहिल कार्यक्रम में जय रजक का सम्मान किया गया। हाल ही में उन्हें भाजपा सूचना का अधिकार आरटीआई प्रकोष्ठ, जिला बिलासपुर का जिला सह-संयोजक मनोनीत किया गया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर राजनांदगांव, प्रदेश महासचिव सुरेश निर्मलकर बालोद, संभागीय उपाध्यक्ष फेकूराम निर्मलकर कोडाभाठ, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश कर्ष नरियरा जांजगीर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं बिलासपुर संभाग अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, संभागीय महासचिव शाखाराम निर्मलकर, जिला संरक्षक दिलीप निर्णेजक, परिक्षेत्र अध्यक्ष जय निर्णेजक, रसु निर्मलकर,सचिव बलराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष मोहित रजक , दशरथ रजक, मुकेश रजक, आकाश रजक,सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


### डीएवी जरेली में मना वन महोत्सव 100 से अधिक पौधे रोपे गए




**पथरिया।** विकासखंड अंतर्गत डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली (पेंड्री) में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में 100 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्राचार्य गौरव सिंह राजपूत ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर पुरेंद्र सिंह राजपूत, उमेश साहू, राजेश कुमार, जयप्रकाश, तेजस्वी साहू, भगवानदास पटेल, उर्वशी साहू, गीताप्रसाद जायसवाल, आशुतोष पाण्डेय, गेंदराम साहू, अमितेश दुबे, संजना, जया कौशिक, समीक्षा राय, साक्षी साहू, महजबी खान एवं अर्मित खंडेलवाल का विशेष योगदान रहा।

### पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्यों ने दी बैस को श्रद्धांजलि

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला



इकाई के द्वारा संघ के संस्थापक अध्यक्ष जगत सिंह बैस की छठवीं पुण्यतिथि पर सियान सदन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर गुलाल एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ कार्य करने के अनुभवों को जिला शाखा अध्यक्ष सईद खान, तहसील शाखा अध्यक्ष एचआर भास्कर, जिला शाखा सचिव डीडी मानिकपुरी तथा कृषि शाखा ओम कोशले के द्वारा पेंशनर साथियों के बीच साझा किया गया। अंत में उन्हें सभी सदस्यों ने मौन श्रद्धांजलि दी।

## लोगों को पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ रहा

# अघोषित बिजली कटौती से 20 गांवों के लोग 15 दिनों से हो रहे परेशान

**मल्हार।** आए दिन हो रही अघोषित बिजली कटौती और तकनीकी खराबी से मल्हार सहित 20 गांवों के लोग पिछले 15 दिनों से खासे परेशान है। क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, कभी 11 केवी में फाल्ट तो कभी एलटी लाइन व केबल जलने तो कभी विद्युत वितरण केंद्र में तकनीकी खराबी से पूरा क्षेत्र अंधकारमय हो गया है, पिछले रविवार की रात 12 बजे गुल हुई बिजली सोमवार को 11 बजे आई जो एक घण्टे बाद फिर से बंद हो गयी जो शाम 6 बजे तक बहाल हो पाई जिससे लोगों को पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ गया। वहीं दो दिन हुई अनवरत बारिस से मच्छर व कीट पतंगों का प्रकोप भी बढ़ गया है जिसके चलते लोगो को रतजगा करना पड़ रहा है, एक हफ्ते पहले भी पूरी 24 घण्टे के लिए पूरे क्षेत्र में ब्लेक आउट की स्थिति बनी गई थी। बताया गया कि आकाशीय बिजली गिरने से मुख्य पैनल पूरी तरह से जल गया था।

मल्हार में विद्युत के बड़े 132 केवी के स्टेशन स्थापित होने के बाद भी क्षेत्र के लोग नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशान हैं। बरसात शुरू होते ही बिजली की आंख मिचोली यहां आम बात है। चाहे देर रात हो या दिन में किसी भी समय घण्टो के लिए बिजली बंद हो जाती है। अभी उमस के साथ गर्मी पड़ने से लोग वैसे भी परेशान है। ऊपर से बिजली का बंद होना जिसके चलते लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा तकलीफ बुजुर्गो व बच्चों को हो रहा है जो मच्छर व गर्मी के कारण पूरी नींद नहीं पा रही है, जिससे बीमार महसूस कर रहे है, ऐसे में



### बिजली आफिस का घेराव आज

नगर पंचायत मल्हार के पार्षदों द्वारा आम नागरिकों को साथ लेकर सोमवार को सोमवार को बिजली आफिस मल्हार का घेराव किया जाएगा। जिसकी सूचना विभाग व एसडीएम मस्तूरी को दे दी गई है। विगत कुछ दिनों से हो रही लगातार लंबे समय से लाइट बंद समस्या, जर्जर हो चुके सब स्टेशन व मल्हार की जीर्णशीर्ण केबल की समस्या को लेकर बिजली का घेराव किया जा रहा है। पार्षदो ने नगर के जागरूक नगरीक , व्यवसायी व जनप्रतिनिधियो को इसमें शामिल होने की अपील की है।

बिजली व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियो को भी ध्यान देना चाहिए। लोगों का कहना है कि सरकार तो बदली गई पर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था जस का तस है। वहीं कुछ दिनों से विभिन्न वार्डो में लो वोल्टेज की भी समस्या है जिससे पीने के पानी लोगों को नहीं मिल रहा।

### 20 गावों का यही हाल

यहां के सबस्टेशन से मल्हार सहित आसपास के 20 गावों को बिजली सप्लाई होती है जिसके लिए 5 फीडर बनाए गए है वही उपभोक्ताओं की संख्या 20 हजार से ज्यादा है वही जनसंख्या की बात करें तो 50 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हैं। मल्हार को नाममात्र के लिए टाउन फीडर का दर्जा दिया गया है पर सुविधाएं बद से बदतर हैं। बरसात पूर्व मेंटनेंस करने के बावजूद भी समस्याए बरकरार रहती है। आए दिन तार टूटने या फाल्ट होने की घटना यहां के लिए सामान्य बात है।

### सब स्टेशन के मशीन कंडम

सबसे ज्यादा परेशानी रात 12 बजे के बाद होने वाली बिजली बंद से होती है। कई बार बिजली बंद होने के बाद सुबह ही बिजली व्यवस्था बहाल होती है। बिजली विभाग के कर्मचारियों के अनुसार मल्हार सब स्टेशन के कई आवश्यक मशीन पूरी तरह कंडम हो गए हैं जिसके कारण बार बार बिजली ट्रिप हो रही है। घण्टों बिजली बंद होने से पानी भी नसीब नहीं हो रहा है इसके अलावा ट्रांसफार्मरों के खराब होने से भी नगर के मोहल्लों तक पानी पहुंचाने वाली टंकियां भी नहीं भर पा रही है।

## शिक्षा के माध्यम से 'नट' समुदाय को मुख्य धारा में लाने का प्रयास



**लोरमी।** ग्राम हरदीबांध में निवासरत नट जाति के लोगों को भिक्षावृत्ति से हटाकर समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रयास के प्रथम चरण में समस्त परिवारों से संपर्क कर उन्हें भिक्षावृत्ति त्याग कर सम्मानजनक आजीविका उपार्जन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें रोजगार के विभिन्न साधनों व अवसरों के बारे में बताया जा रहा है, विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें। आने वाली पीढ़ी को भिक्षावृत्ति से बचाए रखने हेतु शिक्षक द्वारा पालकों में शिक्षा का अलख जगाई जा रही है। शिक्षा का महत्व समझते हुए पालक भी शत प्रतिशत बच्चों का शाला में नामांकन करा रहे हैं तथा बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति हो रही है। नट समाज के प्रमुख व ग्राम पंचायत हरदीबांध के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार नट जी के अनुसार शिक्षक द्वारा किए गए प्रयासों से उनके समाज में जन जागृति आई है। भिक्षावृत्ति को अपनी परंपरा मानने वाले लोग अब कृषि, मजदूरी, दुकानदारी, कबाड़ व्यवसाय आदि में संलग्न होकर सम्मानजनक आजीविका उपार्जन कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, जाति, निवास, आमदनी प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। ग्राम हरदीबांध में किए गए प्रयासों से नट समाज में आए सकारात्मक बदलाव व परिणाम से उत्साहित होकर प्रधान पाठक सत्यनारायण तिवारी, शिक्षक अमित कुमार डड़सेना ने भिक्षावृत्ति के अभिशाप से पूरे जिले के नट समुदाय को शिक्षा एवं जन जागरण द्वारा मुक्त कराने का संकल्प लिया है।

## भरारी में लगी ग्राम सभा, मवेशियों से हो रहे नुकसान के उपायों पर चर्चा



**मल्हार।** ग्राम पंचायत भरारी में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने खरीफ फसल के सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की।

सभा में खुले में घूम रहे मवेशियों को गौठान में सुरक्षित तरीके से रखने व उनके रहने के लिए व्यवस्था, चारा पानी की व्यवस्था के साथ ही साथ मवेशियों, पशुओं को चराने के लिए चरवाहा एवं ग्राम पंचायत भरारी के खरीफ फसल को किसी भी प्रकार के पशुओं द्वारा नुकसान नहीं पहुंचे इसके लिए सुरक्षा हेतु चौकीदार की व्यवस्था करने के साथ ही साथ चरवाहा लोगों से भी जल्दी सभी किसानों के मवेशियों, पशुओं को सुबह 05- 06 बजे चराने के लिए ले जाना है एवं शाम को कम से कम 4 बजे तक वापस लाने के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत भरारी लीलागर नदी के तट में स्थित सामूहिक उद्वहन सिंचाई के मोटर, स्टार्टर एवं पाइप की मरम्मत कर फसल सिंचाई करना, ग्राम पंचायत भरारी में किसी भी व्यक्ति द्वारा नया मकान का निर्माण किया जाता है तो निर्माण से पहले ग्राम पंचायत एवं हल्का पटवारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा व ग्राम पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान मौसमी बीमारी से बचाव, वृक्षारोपण कार्य में ग्रामवासियों का भागीदारी, ग्राम की शासकीय भूमि में अवैध गड्ढा, घुरवा जिसमें अधिकांश का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

## मोपका स्कूल में साइकिल वितरण



**मोपका।** शहीद दीपक उपाध्याय हायर सेकेंडरी स्कूल मोपका में सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के तहत अनुजाति जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना में निश्चित छात्राओं को लाभ मिल रहा है प्राचार्य अर्चना जोशी ने कार्यक्रम के उद्देश्य की महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सतीश तंबोली ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति जागेन्द कश्यप, वार्ड 48 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. तिलक राम साहू, वार्ड47 के पार्षद मोहन श्रीवास, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डी.एल. वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं सचिव साखन दर्वे, सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बच्चा राम साहू, विधायक प्रतिनिधि शिव कुमार साहू, सदस्य अरुण कुमार कश्यप, गणेश राम सूर्यवंशी संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं श्यामली त्रिपाठी, खगेन्द्र मोहन पाण्डल, विजय कुमार कश्यप, श्वेता ओझा, सतीश कुमार तम्बोली, शैलेश कुमार कुम्भकार, सविता नावरे, सुलोचना ठाकुर,नीलिमा वैष्णव, भारती साहू, नीलिमा केशर, छाया तिवारी, दीक्षा बंजारे, कुसुम साहू, गायत्री ध्रुव समस्त छात्र छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक व पालक की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सीएचसी की सोनोग्राफी मशीन महीनों से खराब, मरीजों की बढ़ी समस्या

**मरवाही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी मशीन खराब होने के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सोनोग्राफी मशीन 6 माह पूर्व में लगाई गई थी। जिसका स्थानीय विधायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के समक्ष शुभांरभ किया था। इसमें कुछ दिनों तक ट्रेंड डॉक्टरों द्वारा इस पर कुछ मरीजो की जांच भी की गई लेकिन पिछले दो माह से मशीन खराब है। जानकारी के अनुसार अंतिम सोनोग्राफी मई माह के मध्य में हुई थी उसके बाद से सोनोग्राफी मशीन में तकनीकी ख़राबी आ गई जिसके चलते पिछले दो माह से मरीजों को इसकी सेवाएं नहीं मिल पा रही है। जानकारी मिली है कि मशीन अभी गारंटी पीरियड में है और कंपनी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बात भी की है जो इसको रिपेयर करने हेतु कुछ दिनों में कंपनी का टेक्नीशियन आने वाला है।




### आएंगे टेक्नीशियन

कुछ दिनों से सोनोग्राफी मशीन खराब है, जिससे सोनोग्राफी का काम रुका हुआ है, कम्पनी में बात हुई है। मुम्बई से टेक्नीशियन आने वाला है जल्द ही मशीन शुरू हो जाएगी।

-**डॉ हर्षवर्धन मेहर**, बीएमओ मरवाही

### जल्द होगा सुधार

आपके माध्यम से यह समस्या संज्ञान में आई है। जल्द ही इसको सुधरवा कर मरवाही की आम जनता के लिए यह सेवा बहाल कराई जाएगी।

-**प्रणव मरपच्ची**, विधायक, मरवाही

## पेंड्रा बाईपास निर्माण को लेकर चल रहे आंदोलन को मिल रहा जनसमर्थन




**पेंड्रा।** वर्ष 2018 में स्वीकृत 13 किलोमीटर लंबे पेंड्रा बाईपास के निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रेस क्लब गौरेला ,पेंड्रा, मरवाही के बैनर तले चल रहा जनआंदोलन शनिवार को तीसरे दिन भी पूरे उत्साह और बढ़ते जनसमर्थन के साथ जारी रहा। नगर की लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के दबाव और सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं के बीच अब यह आंदोलन पूरे क्षेत्र की जनभावना का स्वरूप लेता जा रहा है। तीसरे दिन जिला ऑटो संघ ने सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक इमरान खान, संदीप गुप्ता, मोंटी, विजेन्द्र वैश्य, रजनीश तिवारी तथा पेंड्रा नगर पालिका के पूर्व पार्षद मैकू भरिया मुख्य रूप से धरने पर बैठे रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वर्षों पहले स्वीकृत परियोजना का निर्माण अब और देरी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन नगर के भीतर से गुजरते हैं, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. के.के. ध्रुव, मनोज गुप्ता, राजेंद्र ताम्रकार, अशोक शर्मा, नफीस खान, मनीष केशरी, हर्ष गोयल, विद्या राठौर, जिला पंचायत सदस्य बुंदकंवर मार्को, रेखा तिवारी, मालती वाकरे, तारा मार्को, सिद्धार्थ तिवारी, शंकरलाल यादव, मनोज साहू, मैकू भरिया, प्रमोद शर्मा, इमरान खान, संदीप गुप्ता, मोंटी, विजेन्द्र वैश्य, रजनीश तिवारी, रामनिवास तिवारी, नितिन छाबरिया, अजय जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान तथा इकबाल सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंच पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

## स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक




**मुंगेली।** एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत 30 जून से 4 जुलाई तक रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम एवं जिला अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में पांच दिवसीय सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक नितेश कुमार मोहले द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उनमें सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। पांच दिनों तक रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद, परिसर की स्वच्छता, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, रक्तचाप परीक्षण, मनोरंजक खेल एवं समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़, बॉल पासिंग सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वृद्धजनों का उत्साहवर्धन किया गया। जिला अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में स्वयं सेवकों ने केंद्र की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया तथा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती जेनेरिक दवाइयों की जानकारी दी। जन औषधि केंद्र के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। वृद्धाश्रम गतिविधियों में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक नितेश कुमार मोहले के नेतृत्व में स्वयं सेवकों चंद्रशेखर चेलकर, राजीव टोंडे, संजीव टोंडे, हनी सांडे एवं अमित पुरी ने सहभागिता निभाई। वहीं जन औषधि केंद्र में स्वयं सेविकाओं बम्लेश्वरी साहू, भूमिका साहू, श्रुति पाटले, पिंकी पाटले एवं पूजा साहू ने सेवा कार्यों, जनजागरूकता एवं हितग्राहियों के सहयोग में भूमिका निभाई।

## वरिष्ठ नागरिक संघ व छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ की संगोष्ठी



**मुंगेली।** वरिष्ठ नागरिक संघ एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ जिला मुंगेली के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन सियान सदन में हुआ। इस संगोष्ठी में पेंशनर सदस्यों ने सईद खान के नेतृत्व में मांग रखी कि 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता जो कि जनवरी 2026 से लंबित है, जिसे देने में विलंब कर सरकार पेंशनरों के साथ अन्याय कर रही है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डीके सोलंकी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि आज तक वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवाने के लिए शासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है, जबकि देश में बुजुर्गो की आबादी 16 अरब 80 लाख के करीब है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुभाष चन्द्र दीक्षित ने बताया कि 6वें एवं 7वें वेतन मान की एरियर्स पेंशनरों को देने के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर ने छत्तीसगढ़ सरकार को आदेश दिया है। उक्त एरियर्स नहीं देने के लिए शासन की अपील मामले को हाईकोर्ट ने खारित कर दी है। बैठक में बुजुर्गो के लिए भरण पोषण अधिनियम 2007 पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि यदि वारिस के द्वारा वृद्ध माता-पिता की सेवा तथा देखभाल ठीक से नही किया जा रहा है, तो बुजुर्गो को अधिकार है कि वह वारिस को दी गई संपत्ति को वापस ले सकता है। इसके लिए मेंटनेंस ट्रिब्यूनल का गठन जिला स्तर पर किया गया है। इस संगोष्ठी में एचआर भास्कर, डीडी मानिकपुरी, एमके जनार्दन, ओम कोशले, एमएल टंडन, हरि साहू, लबवीर गुप्ता, गजानंद सिंह, जगदीश देवांगन, गोवर्धन निर्मलकर, दशरथ सोनी, प्रेम लाल यादव सहित अन्य पेंशनर साथियों की उपस्थिति रही। अंत में जानकारी दी गई कि सितम्बर में छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ का संभागीय सम्मेलन मुंगेली में किया जायेगा।

## वर्षों से जर्जर स्थिति में है जूनापारा लोरमी मार्ग

# बदहाल सड़क से जनजीवन प्रभावित, बढ़ रही दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बदहाल जूनापारा मार्ग पर लोगों को रोज मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी दुर्घटना तो ,कभी वाहनों की खराबी। परेशान राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से नई सड़क निर्माण की मांग की है।

विकासखण्ड मुख्यालय तखतपुर से विजयपुर जूनापारा लोरमी मार्ग जो की कोटा को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग है। यह वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि नियमित चलने वाली बसें और अन्य यात्री वाहन इस मार्ग पर संचालन से बच रहे हैं। परिणामस्वरूप क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 20 से 22 किलोमीटर लंबे इस मार्ग से लगभग 25 हजार से अधिक आबादी प्रत्यक्ष



रूप से प्रभावित है। निगारबंद, राजकापा, बहुरता, पूरा, बेलपान, धावईहा, ठाकुरकापा, सिलतरा, लिम्हा, लिमही, विजयपुर, सफरीभाठा, खटोलिया, सिंघनपुरी, नेवासा और जूनापारा सहित अनेक गांवों के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और दैनिक आवागमन के लिए इसी सड़क पर निर्भर हैं। यही मार्ग आगे लोरमी और कोटा को भी जोड़ता है, इसलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। सड़क की बदहाली के कारण लोग मजबूरी में निजी वाहनों से सफर कर रहे हैं। सार्वजनिक बसों का संचालन लगभग बंद होने से विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क की हालत और भी दयनीय हो जाती है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और कीचड़ के कारण कई बार आवागमन बाधित हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

### शीघ्र हो मरम्मत

इस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि तखतपुर विजयपुर जूनापारा लोरमी मार्ग को शीघ्र दुरूस्त कराया जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने शासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण सड़क को प्राथमिकता में लेकर जल्द स्वीकृति प्रदान करें और निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। इस सड़क के बनने से न केवल प्रभावित गांवों के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि तखतपुर, लोरमी और कोटा के बीच आवागमन सुगम होगा तथा क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

## सेवा सेतु केंद्रों से मिलेगी राशन कार्ड सेवाएं

**मुंगेली।** शासन की जनकल्याणकारी सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से राशन कार्ड संबंधी सेवाओं का शुभारंभ किया गया है।

अब नागरिक नवीन राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जोड़वाने तथा नाम विलोपन जैसी सेवाओं का लाभ अपने निकटतम सेवा सेतु केंद्र से आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार इन सेवाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन के लिए जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खाद्य विभाग के अधिकारी तथा सेवा सेतु केंद्रों के प्रबंधक एवं ऑपरेटर शामिल हुए।

प्रशिक्षण का संचालन जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, मुंगेली की ई-जिला प्रबंधक सोनम शर्मा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को राशन कार्ड संबंधी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता, पोर्टल संचालन, सेवा प्रदाय प्रणाली, निर्धारित समय-सीमा एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं सेवा सेतु ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया कि सभी आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### 27 लाख के गांजा सहित पकड़े गए आरोपी



**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने गांजा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर चार आरोपियों को 27 लाख 55 हजार रुपए के गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल है, जिनके पास से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर जेल भेज दिया गया है। आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ ओडिशा से आने वाली ट्रेनों की जांच कर रही है। इस दौरान रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर चार संदिग्ध खड़े हैं, जिनके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना पर जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंची, जिन्हें देखकर चारों भागने की कोशिश करने लगे। चारो को घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ और उनके पास रखे बैग की जांच की गई। बैग में 55 किलो 150 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 27 लाख 57 हजार 500 रुपए है। गांजा को जब्त करने के बाद आरोपी ओडिशा निवासी पंकजनी बेहरा पति राधे बेहरा 40 साल, जुजुमुरा संबलपुर ओडिशा निवासी रीना पटनायक पति स्व. राम पटनायक 60 साल, खकनार बुरहानपुर मध्यप्रदेश निवासी आयुष कुशवाहा पिता मुकेश कुशवाहा और संबलपुर ओडिशा निवासी हितेश कुमार भोई पिता सोरू भोई के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहं से चारों आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जीआरपी प्रभारी विश्वनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि चारों आरोपी गांजा को ओडिशा से लाने के बाद रींवा जाने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 6 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। पूछताछ में चारों ने बताया कि उनको गांजा छोड़ने के लिए कहा गया है, किसके पास गांजा देना है इसकी जानकारी नहीं दी गई है। जिस व्यक्ति को गांजा देना है उसके पास चारों की फोटो पहुंच गई है, जो स्टेशन पर ट्रेन आने के बाद गांजा रिसीव करने आने वाला है।

### चेकिंग के दौरान गांजा के साथ पकड़े गए 4 युवक

**बिलासपुर।** पुलिस ने अड्डाबाजी चेकिंग के दौरान गांजा सहित 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस अपने क्षेत्र में अड्डबाजी की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि महमंद बाइपास में 4 लोग गांजा लेकर बिक्री करने के लिए खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मनमोहन सिंह कले उर्फ मोना पिता ज्ञान सिंह 45 साल चिमना जगरावं लुधियाना पंजाब, सूरजीत सिंह पिता प्रीतम सिंह 45 साल हैदतपुर कत्थुनगर अमृतसर पंजाब, पुष्पाराज जांगड़े पिता वीरेन्द्र जांगड़े 36 साल कोहिलाडीह मुंगेली, सुरेन्द्र ध्रुव पिता राजेन्द्र ध्रुव 25 साल रहंगी चकरभाठा निवासी को पकड़कर उनके पास से 3 किलो 264 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 45 हजार रुपए बताई जा रही है।

पीपीपी मॉडल को लेकर लोगों में है शंका कि कहीं यह महंगा अस्पताल न बन जाए

# निजी हाथों में देने से बेहतर सुपर स्पेशलिटी को एम्स को सौंपा जाए

**महंगी मशीनें लगी हैं, लेकिन उपयोग नहीं हो रहा**

**मरीजों के भर्ती, एंबुलेंस की कोई व्यवस्था नहीं**

**भोजन और परिजन के ठहरने का इंतज़ाम नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करीब 200 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को बने पौने 2 साल हो चुके हैं, उद्घाटन के बाद से ही यह गंभीर मरीजों की आशा का केन्द्र बना हुआ है, लेकिन यहां डाक्टरों व स्टाफ की कमी बनी हुई है, वहीं करोड़ों के उपकरण धूल खा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार द्वारा इसे निजी हाथों में देने की तैयारी में है। इसके विपरीत आम लोग और जनप्रतिनिधि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को एम्स जैसे संस्थान को सौंपने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में रायपुर के अलावा कहीं भी एम्स जैसा अस्पताल नहीं है, जहां सभी तरह के रोगों का इलाज एक ही छत के नीचे किया जा सके। निजी क्षेत्र का अपोलो बिलासपुर में सेवारत है, लेकिन यहां जान बचाने की कीमत लाखों रूपयों में है, जिसके कारण यहां आम लोगों को इलाज कराना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में क्षेत्र में एम्स खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

■ बड़े डॉक्टर भी नहीं ला पा रही है सरकार



पूर्व की सरकार ने बिलासपुर में एम्स खोलने का वादा किया था, लेकिन सरकार के जाते ही यह ठंडे बस्ते में जा चुका है। ऐसे में बिलासपुर का एकलौता सुपर स्पेशलिटी शासकीय अस्पताल भी निजी हाथों में जाने के बाद आम लोगों तक इसकी पहुंच मुश्किल हो सकती है। ऐसे में अस्पताल का संचालन एम्स की टीम को दिए जाने की बात लोगों के द्वारा कहीं जा रही है।

### सरकार की शर्तों पर चलेगा अस्पताल



कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पपताल सरकारी जमीन और सरकारी उपकरणों के साथ बना है। इसे एम्स को देने की बात ही नहीं है। हम चाहते हैं कि यहां पीपीपी मॉडल पर काम हो। लोगों को रियायती दर और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सुपर स्पेशलिटी की सुविधा मिल सके। जो लोग इसके निजी लोगों के हाथों में देने की बात कह रहे हैं, वे स्वार्थ के कारण प्रोप्रोगंडा कर रहे है, जबकि यहां किडनी, लीवर, दिल की बीमारियों का स्पेशलिस्ट डाक्टरों द्वारा इलाज किया जाएगा। पीपीपी मॉडल में अस्पताल का संचालन, सरकार की शर्ते पर ही किया जाएगा, जिससे आम लोगों को सहूलियत मिल सके।

**-अमर अग्रवाल,** विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री

### पीपीपी मॉडल पर हो अस्पताल का संचालन



सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन राज्य सरकार का विषय है। एम्स संस्थान केन्द्र का है और वह रिसर्च संस्थान है। अस्पताल में डीएम और एमडी लेवल के डाक्टरों की कमी है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सिम्स मेडिकल कालेज के आधीन है और इसकी अलग से स्वाशासी समिति है। एम्स अगर लेना चाहे तो उनका स्वागत है, लेकिन वह पहले से बने अस्पतालों का संचालन नहीं करता है। हमारी मांग यह होनी चाहिए कि इसके संचालन की जिम्मेदारी पीपीपी मॉडल पर हो और मरीजों का इलाज आयुष्माान कार्ड के वित्तीय सहायता पर हो। सुपरस्पेशलिटी अस्पाताल को चलाने के लिए डीएम लेवल के डाक्टर की जरूरत है, तकनीकी तौर पर आयुष्मांन के इलाज सुपर स्पेशलिटी इलाज के तहत कव्हर नहीं हो रहे है। यही दिककत आ रही है। इसका प्रयास जारी है।

**-सुशांत शुक्ला** , विधायक, बेलतरा

### एम्स जैसी सुविधा मिलना हमारा हक है



डेढ साल पहले 11 मंजिल का अस्पताल बना दिया गया, करोड़ों रूपए के मशीन और उपकरण अब धूल खाते पड़े है। यहां ना प्रशिक्षित स्टाफ है और ना ही पर्याप्त डाक्टर मौजूद है। ऐसे में राज्य सरकार को इसके निजीकरण करने के बजाए ऐसी सरकारी संस्थान को देना उचित होगा जो सरकारी संस्थानों में सर्वोच्च हो, जिसमें एम्स शामिल है। रायपुर स्थित एम्स पूरी तरह से ओवर लोडेड हो चुका है, जहां आम लोगों को इलाज पाने के लिए काफी दिक्कत आती है। बिलासपुर में एम्स की सुविधा मिलना हमारा हक है। इससे एक निश्चित शुल्क में मरीजों का सुपर स्पेलशलिटी अस्पताल में इलाज किया जा सकेगा। न्यूरो, हार्ट, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज किफायती दरों पर किया जा सके, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार को तत्काल करनी चाहिए।

**-अटल श्रीवास्तव**, विधायक, कोटा

### निजी हाथों में देने का सवाल ही नहीं



हमारी सरकार के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बिलासपुर में एम्स खोलने की घोषणा की थी, सरकार किसी भी पार्टी की हो, विधानसभा में किए गए वादे, महज वादे नहीं है। इसे निभाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। राज्य सरकार 200 करोड़ के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को चला नहीं पा रही है। इंफ्रा स्ट्रक्चर और मशीन, उपकरण सरकार का है तो उसे निजी हाथों में देने का सवाल नहीं उठता है। निजीकरण करने से आम लोगों को नुकसान होगा, इसके विपरीत सरकार को एम्स जैसी संस्थानों से बात कर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जिससे बिलासपुर सहित आसपास के अन्य जिलों के मरीजों को भी समय पर इलाज मिल सकेगा।

**-शैलेष पांडेय,** पूर्व विधायक

## पिता-पुत्र ने युवक को चाकू मारा, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



क्रिकेट खेलने के बाद घर जाते समय युवक ने सड़क किनारे थूका तो एक युवक का पैर गंदा हो गया। पैर साफ करने से मना करने पर पिता पुत्र ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

■ हमलावर पिता-पुत्र गिरफ्तार

सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह ने बताया, महिमा नगर निवासी शिवम नायक उर्फ शिब्बू 11 जुलाई की रात 8.30 बजे अपने दोस्त देवरथ साहू, शिवा राव के सथ पोचे ग्राउण्ड से क्रिकेट खेलकर वापस घर जा रहा था। आदर्श नगर पानी टंकी के पास शिवम नायक सड़क किनारे थूक रहा थ। इसी दौरान अचानक विभय दास आ गया और थूक उसके पैर में पड़ गया। विभय दास आक्रोशित होकर गाली गलौज करते हुए पैर साफ करने कहा। शिवम गाली देने पर थूक साफ करने से इनकार कर घर जाने लगा। वह ग्राउंड की दूसरी ओर पहुंचा था, इसी दौरान विभय दास अपने पिता विजय कुमार के साथ स्कूटी से आया। उसके पिता ने शिवम के दोनों हाथ को पीछे कर पकड़ लिया। उसके बाद विभय दास ने चाकू से हत्या करने की नीयत से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसके पेट की अंतड़ी बाहर निकल गई। शिवम नायक खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। उसके बाद हमलावर पिता पुत्र भाग निकले। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोस्तों के द्वारा गंभीर अवस्था में शिवम को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामा रामकुमार नायक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 109, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

## नाले में मिली महिला की लाश की हुई पहचान

**बिलासपुर।** ।नाले में मिली महिला की लाश की 5 दिन बाद पहचान कर ली गई है। मृतका सरकण्डा क्षेत्र की रहने वाली थी। वह शराब पीने की आदी थी।

7 जुलाई को तोरवा क्षेत्र के तितली चौक के नाले में एक अज्ञात महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिली थी। लाश दो दिन पुरानी होने से सड़ गई थी। दूसरे दिन पहचान नहीं होने व सड़ जाने से पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का कफन दफन करा दिया था। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 12 जुलाई को परिजनों के द्वारा मृतका की पहचान सरकण्डा चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी लता श्रीवास पति राजकुमार श्रीवास 50 साल के रूप में की है। मृतका बीपी शुगर की बीमारी से पीड़ित थी और शराब पीने की आदी थी। वह प्रतिदिन ट्रेन से रायपुर में काम करने जाती थी और ट्रेन से वापस आती थी। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## फर्जी सर्पदंश मामले में दर्जनों परिजन वकील व सहयोगियों से पूछताछ जारी

**बिलासपुर।** फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस मुआवजा पाने वाले मृतक के परिजन, वकील व सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। पूछताछ के बाद संदेहियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

ज्ञात हो कि पूर्व में विधानसभा में सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन द्वारा फर्जी सर्पदंश से मृत्यु होने का पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेश कर परिजन के द्वारा 4 - 4 लाख रुपए सहायता राशि प्राप्त करने के मामले में सिविल लाइन, सरकण्डा, कोनी, तोरवा, कोतवाली, सिरगिट्टी थाने में 15 प्रकरण दर्ज कराया गया था। 15 प्रकरणों में 64 लाख रुपए की शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। पुलिस उक्त प्रकरणों की समीक्षा करने के बाद सभी थानों के प्रकरणों में मुआवजा प्राप्त करने वाले परिजनों से पूछताछ कर वकील व उसके सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पिछले दो तीन दिन से पुलिस सभी प्रकरणों की समीक्षा करने के बाद संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर सहयोगियों के ठिकानों में दबिश देने में लगी हुई है। सभी 15 प्रकरणों में फर्जी पीएम रिपोर्ट बनाने वाले डाक्टरों को नहीं पकड़ा गया। एडीशनल एसपी सिटी पंकज कुमार पटेल ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## ढाबा संचालक से मारपीट कर लूट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब नहीं देने पर ढाबा संचालक से मारपीट कर गल्ले से नकद रकम लूटने वाले तीन हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।







रतनपुर पुलिस के अनुसार, रतनपुर रेस्ट हाउस निवासी आशीष गहलोत पिता संतोष गहलोत नेशनल हाइवे नवापारा में ढाबा चलाते हैं। 11 जुलाई की रात 1 बजे उनकी ढाबा में करैहापारा निवासी विकास उर्फ विक्कू रावत पिता राजेन्द्र रावत 25 साल शिन उर्फ राजा कश्यप पिता रामझूल कश्यप 22 साल, बयासनारायण पाटले उर्फ छोटू पिता गोवर्धन पाटले 27 साल आए और शराब की मांग करने लगे। संचालक ने शराब देने से मना किया तो चाकू निकालकर डराने धमकाने लगे। कर्मचारी विजेन्द्र कमल आया तो तीनों ने मिलकर उसके साथ हाथ मुक्का, स्टील पाइप व डण्डा से जमकर मारपीट करते हुए चाकू की नोक पर गल्ले से 4500 रुपए लूटकर फरार हो गए। ढाबा संचालक की सूचना पर पुलिस ने देर रात पतासाजी कर तीनों युवकों को पकड़ लिया है। पुलिस ने संचालक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 309, 296, 351, 3, 115, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### झांसा देकर महिला से 4 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** डबल पैसा दिलाने का झांसा देकर महिला से 4 लाख रुपए की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी आशा भागचंदानी की वर्ष 2024 से नवागढ़ निवासी गौरी शंकर दिवाकर से जान पहचान थी। उसने महिला को एक प्राइवे कंपनी में पैसा लगाने पर 18 माह में पैसा डबल करके देने का लालच दिया। लालच में महिला ने उक्त कंपनी में 4 लाख रुपए ऑनलाइन जमा कर दी। 18 माह बाद डबल पैसा नहीं मिलने पर उन्होंने गौरी शंकर से संपर्क किया तो वह पैसा लौटाने के लिए घुमाने लगा। पुलिस ने गौरीशंकर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166